# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन—247120)

Website- msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 954 /21/अल्प/MSU/2021—22 दिनांकः 14.07.2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध अल्पसंख्यक महाविद्यालय

विषय – अल्पसंख्यक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जैसा कि आप अवगत है कि विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2022—23 में प्रवेश हेतु प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। सम्बद्ध अल्पसंख्यक श्रेणी के महाविद्यालयों के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय स्तर पर रिकार्ड उपलब्ध नहीं है जो महाविद्यालय अल्पसंख्यक श्रेणी के अन्तर्गत आते है तथा अल्पसंख्यक श्रेणी के नियमानुसार प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये अपने स्तर से प्रवेश करने के इच्छुक है। तो ऐसे महाविद्यालय दिनांक : 16 जुलाई, 2022 तक अल्पसंख्यक दर्जे के आच्छादित होने सम्बन्धी समस्त पत्राजात/प्रमाण—पत्र एवं सम्बन्धित अल्पसंख्यक समुदाय विशेष को कुल आवंटित सीटों के सापेक्ष नियमानुसार 50 प्रतिशत से अधिक प्रवेश प्रदान किये जाने के शपथ—पत्र के साथ विश्वविद्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें। जिससे महाविद्यालय को अल्पसंख्यक श्रेणी के अन्तर्गत सीटें आवंटित की जा सके। अन्यथा की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि महाविद्यालय अल्पसंख्यक श्रेणी के अन्तर्गत अपने स्तर से प्रवेश करने हेतु इच्छुक नहीं हैं तथा विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे सभी अल्पसंख्यक महाविद्यालयों की समस्त सीटों पर सामान्य श्रेणी का मानते हुये प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न करा दी जायेगी।

नोट— अल्पसंख्यक श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण—पत्र अवश्य संलग्न करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

01. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव